प्रयागराज, रविवार 03 नवम्बर 2024 से शनिवार 09 नवम्बर 2024 तक
वर्ष-12 , अंक-44
पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

## हिन्दी साप्ताहिक

नगर संस्करण
12



28/10/2024



29/10/2024



30/10/2024

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है



(वरिष्ठ आई.पी.एस.) श्री अविनाश चन्द्रा
महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश


नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity



31/10/2024



01/11/2024




02/11/2024



03.11.2024.pmd 1 11/2/2024, 4:33 PM





# रोजगार मेले में 108 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रोजगार मेलें में कुल 108 अभ्यर्थियों का चयन शनिवार को जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देउरा राजा, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम (सोनभद्र डिपो) में संविदा पर चालक की भर्ती, विजन इण्डिया सर्विसेज प्रा0 लि0 (हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0, रेनूकुट, सोनभद्र), एडेको इण्डिया प्रा0 लि0, वाराणसी, लैट्रीक स्टाफींग, नोएडा, एल0आई0सी0, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लि0, वाराणसी, शिव शक्ति एग्रीटेक लि0, वाराणसी, कॅरियर ब्रिज स्कील सोलूशन, अहमदाबाद, - ड्रीमलाईन इण्टरप्राईजेज, गाजियाबाद, एम0जी0 ऑटोमोबाईल्स सेल सर्विस, नोएडा, ग्रेट ऑर्गेनिक डायमण्ड प्रा0 लि0, कटनी इत्यादि कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। इस मेलें में विभिन्न पदों पर कम्पनियों द्वारा कुल 108 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर सेवायोजन कार्यालय के सच्चिदानन्द, ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रबन्धक मनीष पाण्डेय, प्राचार्य उमेश कुमार सिंह, विनीत कुमार पाण्डेय, सेवायोजन विभाग के, रोजगार मेला प्रभारी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार सिंह, पवन कुमार सोनकर, यंग प्रोफेशनल सुरेन्द्र कुमार प्रजापति, मनोज कुमार एवं अंशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।




# मां-बाप का साया उठा तो जीवनयापन के लिए साइकिल बनाने का किया काम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी के अजय साहनी ने तैराकी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। वह कोरोना काल में माता-पिता को खोने के बाद से जीवनयापन करने के लिए साइकिल बनाने का काम किया। साथ ही उसने खेल और पढ़ाई भी जारी रखा। कोरोना काल में माता-पिता को खो चुके अजय साहनी ने तैराकी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। लखनऊ में खेले गए मुकाबले में अजय साहनी ने अलग-अलग स्पर्धा में एक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते। अजय साहनी खेलने और जीवनयापन के लिए साइकिल बनाने का काम करते ह बच्छांव स्थित महामना मालवीय इंटर कॉलेज के खेल शिक्षक डॉ. जीतेंद्र ने बताया कि अजय खेल के साथ पढ़ाई में भी अच्छा है। वर्ष 2023 के सितंबर माह में शूलटंकेश्वर क्षेत्र में गंगा में उसे मछली पकड़ते देखा। चार दिन बाद जिला स्तरीय माध्यमिक स्कूली प्रतियोगिता होनी थी। उसके हुनर को देखकर उसे स्कूल की ओर से ट्रायल में बुलाया। वह न सिर्फ ट्रायल में सफल हुआ बल्कि मंडलीय में स्वर्ण पदक जीता, दुर्भाग्यवश प्रादेशिक में उसे पदक नहीं मिला। 2023 में उसने जनपदीय, मंडलीय खेलने के साथ प्रादेशिक तैराकी के चार मुकाबले खेले और दो स्वर्ण पदक जीते। उसके प्रदर्शन को देखते हुए स्कूल प्रशासन ने शुल्क भी माफ कर दिया। बीएचयू में छूट पर तैराकी सीखने का मौका मिला।



# ट्रेन के चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति कि हुई मौत शिनाख्त में जुड़ी पुलिस



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के मां वैष्णो मंदिर के आगे रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे रविवार की भोर लगभग चार बजे अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की कटकर मौत हो गई वहीं घटना की सूचना ट्रेन के ड्राइवर द्वारा चोपन जीआरपी निरंजन मिश्रा को दिया सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर निरंजन मिश्रा ने डाला पुलिस चौकी को सूचना दी गई जहा सूचना पर पहुंची डाला पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवा दिया अधेड़ व्यक्ति उम्र लगभग 50 वर्ष शिनाख्त को लेकर स्थानीय लोग व पुलिस ने जुटी रही समाचार लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो पाया।

# सरस्वती परिवार द्वारा स्वच्छता अभियान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य से आज दिनांक-27.10.2024 को कार्यक्रम अधिकारी ऋषि दीक्षित के नेतृत्व में अरैल स्थित शूलटंकेशवर मंदिर के प्रांगण में भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें उन्होंने कहा कि आगामी जनवरी के माघ महीने में भव्य कुंभ मेले का आगाज होने जा रहा है, जिसमें विश्व के कोने-कोने से तीर्थ यात्री, पर्यटक आदि स्नान करने हेतु आएंगे, जिसमें स्वच्छता कर्मियों की अहम भूमिका रहेगी मेले को साफ सुथरा रखने में, जिसके माध्यम से देश के कोने कोने में प्रयागराज की छवि स्वच्छता के माध्यम से ही पहचानी एवं जानी जाएगी। संस्था के पदाधिकारी सुनील मिश्रा ने कहा कि सभी स्वयंसेवी प्रत्येक महीने के दूसरे एवं चौथे रविवार को सुबह-सुबह अपनी नींद त्याग करके मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु आम जनमानस से अपील करते हैं, जिसका परिणाम धीरे-धीरे दिखलाई पड़ रहा है कि आज लोग मंदिरों में गंदगी करने से परहेज करने लगे हैं। कार्यक्रम में सर्वश्री कुंवर जी तिवारी, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, डॉ एस.बी.यादव, आत्म प्रकाश यादव, संदीप केसरवानी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव,नीरज पाण्डेय,अभिषेक यादव, ऋषिकेश प्रजापति, विनोद गुरानी, निर्मल कुशवाहा,गोविंद सिंह, कार्तिकेय तिवारी तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।



# प्रयागराज विकास प्राधिकरण एवं सिंचाई विभाग द्वारा कराये जा रहे मंडलायुक्त ने कीया कार्यों का निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत प्रयागराज विकास प्राधिकरण एवं सिंचाई विभाग द्वारा कराये जा रहे विभिन्न कार्यों में से कई कार्यों का निरीक्षण आज मंडलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। उन्होंने सर्वप्रथम विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे हनुमान मंदिर कॉरिडोर के कार्यों का निरीक्षण किया तथा वीकली माइक्रो प्लान के सापेक्ष इस हफ्ते अभी तक कितना कार्य पूर्ण कराया गया है उसकी जानकारी ली। कार्यों की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष धीमी पाए जाने पर उन्होंने लेबर बढ़ाते हुए उसे पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने दशाश्वमेध घाट पर 110 मीटर लम्बाई में पक्के घाट, दशाश्वमेध घाट से गंगा तिराहा दारागंज तक नागवासुकि एप्रोच रोड, अमिताभ बच्चान पुलिया से नागवासुकि संपर्क मार्ग तक कटाव निरोधक कार्य के साथ-साथ 3800 मीटर लम्बी इंटरलॉकिंग सड़क तथा रसूलाबाद घाट से गंगेश्वर मंदिर तक कटाव निरोधक कार्य के साथ-साथ 4000 मीटर लम्बी इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। कई स्थानों पर कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने पर उन्होंने डब्ल्यूएमएमएवं जीएसबी बिछाने के कार्यों में लेबर बढ़ाते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए तथा सभी कार्यों में अपेक्षित गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा।उन्होंने गंगा नदी के तट पर गंगा की धारा को अविरल रखने के दृष्टिगत कराए जा रहे ड्रेजिंग वर्क का भी निरीक्षण किया तथा थर्ड पार्टी के अधिकारियों को सभी कार्यों की प्रोफाइलिंग करते हुए उनके समक्ष एक आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर माननीय विधायक पीयूष रंजन निषाद जी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ पार्षद दिलीप कुमार जायसवाल मैं अपनी गरिमा में उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया , संस्थान के प्रधानाचार्य अरुण कुमार यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए यह बताया कि संस्थान में विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण दिए जाते हैं और उन प्रशिक्षार्थियों को अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा मे सम्मिलित कराया जाता है उत्कर्ष उत्तीर्ण हुए ऐसे लगभग सौ प्रशिछार्थियों को प्रसस्ति पत्र प्राप्त हुए और अन्य प्रशिक्षार्थियों को प्रेरणा भी देते हैं , इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय पीयूष रंजन निषाद जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कौशल विकास कार्यक्रम की सराहना करते हुए देश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की उपयोगिता का बखान किया, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कटरा के प्रधानाचार्य हिमांशु द्विवेदी जी ने सभी को धन्यवाद दिया एवं कार्यक्रम का संचालन संस्थान की अनुदेशिका श्रीमती ज्योति पांडे ने किया, इस अवसर पर मुस्तफ़ीज़ सिद्दीकी , अशोक पटेल , राकेश शर्मा, अजय कुमार , अमृत लाल गुप्ता, फूलप्रकाश ,श्रीमती नगीना सिंह, श्रीमती आकांशा जयसवाल , श्रीमती सुशीला एवं संसथान के समस्त कर्मचारी एकजुट हो कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।






# धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर अधेड़ की हत्या कर दी निर्मम हत्या

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** बीजपुर स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत के इलाके के पुनर्वास



प्रथम टोला में एक दुखद घटना सामने आई। जहां एक अधेड़ की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई और शव को घर के पीछे कुछ दूरी पर फेंक दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। बताते चलें 58 वर्षीय रामलखन बैगा पुत्र हरिहर बैगा बीती रात अपने पुराने मकान से कुछ ही दूरी पर बने नए मकान में सोने गया था। शुक्रवार की सुबह जब राम लखन का लड़का सुरेश शौच के लिए गया तब खून से लतपथ अपने पिता को देखा तो आवाक रह गया। जोर-जोर से चीखने और चिल्लाने लगा। तभी लड़के की आवाज सुनकर आस पास के ग्रामीण भी मौके पर इकट्ठा हो गए। फिर ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक अपने बालबाल के साथ मौके पर पहुंचे और शो को अपने कब्जे में लेकर घटनास्थल को सील कर मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे छात्र अधिकारी दूधी प्रदीप सिंह चंदेल और फोरेंसिक टीम नई घटनास्थल का मौका मुआयना किया और फोरेंसिक टीम ने आवश्यक सबूतो को इकट्ठा करने में जुट गई। मृतक के पुत्र सुरेश ने बताया कि पिताजी कल शाम को 5:00 बजे से घर से कहीं गए थे और रात में लौटे ही नहीं और सुबह जब मैं सोच के लिए जा रहा था तो उनका मृत्त अवस्था में देखा। और लोगों को बताया की मां सोहादरी देवी गुरुवार से बहन के घर मध्य प्रदेश गई हैं।

# जॉइन मजिस्ट्रेट ने पटाखे की दुकान का किया निरीक्षण



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** डायट परिसर में दीपावली पर्व पर लगे पटाखे की दुकानें का बुधवार को जॉइन मजिस्ट्रेट द्वारा निरीक्षण कर दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश। जॉइन मजिस्ट्रेट सदर एसडीएम उत्कर्ष द्विवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी के दिशा निर्देश पर दीपावली पर साथी व्यवस्था को लेकर जाट-पातर की जा रही है इसी दौरान लगे पटाखे की दुकान का निरीक्षण किया गया वहीं संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया पटाखे की दुकान पर बालू फायर एवं अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी व लाइसेंस पटाखे की उपलब्धता की जांच की गई अधिक बारूद रखने पर कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए गए।

# बच्चों के सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु चलाया गया अभियान- शेषमणि दुबे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जनपद में मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 30-10-2024 को थाना मानव तस्करी रोधी इकाई व जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त टीम द्वारा थाना रावर्टसगंज अन्तर्गत उरमौरा, कस्बा सहित विभिन्न स्थानो पर मानव तस्करी एवं बाल भिक्षा वृत्ति रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा विशेष रूप से दीपावली पर्व के अवसर पर उरमौरा डायट परिसर में पडाके आदि के लगे दुकानों के संबन्धित संयोजको एवं उपस्थित लोगो से बच्चों के भविष्य निर्माण में अपना अपना सहयोग देवे साथ ही यह भी बताया गया कि बच्चों को अनिवार्य रूप शिक्षा से जोड़े एवं उनसे बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम जैसे कार्य न करवायें। ऐसा कार्य कराये जाने पर उनके विरूद्ध किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही यह भी बताया गया कि बच्चों के सुरक्षा एवं संरक्षण तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में चाईल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर (1098) पर काल करके जानकारी लिया जा सकता हैं। रेस्क्यू टीम मे जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ डब्ल्यू शेषमणि दुबे, थाना मानव तस्करी रोधी इकाई से प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव, मुख्य आरक्षी धनंजय यादव एवं आरक्षी पंकज कुमार उपस्थित रहे।



# वारिस की तलाश में रह जाते हैं लावारिस, साल दर साल बढ़ रही संख्या

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिला अज्ञात लाशों का डंपिंग ग्राउंड बनता जा रहा है। स्थिति यह है कि जिले में साल दर साल लावारिस शव मिलने के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। इसमें काफी संख्या में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले शव भी शामिल होते हैं। कुछ चुनिंदा मामलों को छोड़ दें ज्यादातर मामलों में मृतकों की पहचान नहीं हो पाती है। आकड़ों के अनुसार जिले में जनवरी 2022 से अब तक करीब 34 महीने में 146 लावारिस शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है अति पिछड़े जिले की भौगोलिक परिस्थितियां चुनौती पूर्ण हैं। जिले में आए दिन लावारिस लाश मिलना आम बात हो गई है। महिला या पुरुष के शव को दूर-दूर तक पहचानने वाला कोई नहीं होता। आकड़ों के अनुसार जिले में जनवरी 2022 से अब तक करीब 34 महीने में 146 लावारिस शवों का पोस्टमार्टम कराया। यह संख्या साल दर साल बढ़ती ही जा रही है। आकड़ों को देखे तो वर्ष 2022 में कुल 40 लावारिश शवों का पोस्टमार्टम हुआ। जबकि 2023 में 47, वहीं 2024 में अब तक 59 लावारिस शवों का पीएम कराया गया है। इसमें नदी, नाला, नहर, रेलवे ट्रैक, चौराहों और झाड़ी आदि में पाई जाने वाली लाशों के साथ ही सड़क हादसे में घायल लावारिस या बीमारी से मरने वाले लावारिस और मानसिक रोगियों सहित अन्य के शव शामिल रहते हैं। सूचना पर ऐसे लावारिस शवों को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज देती है। पहचान न होने पर 72 घंटे बाद शव की फोटो खिंचवाकर अंतिम संस्कार कर दिया जाता है। कई मामलों में शिनाख्त न होने के चलते फाइल भी बंद हो जाती है। साथ ही घटना के पीछे के रहस्य का खुलासा भी नहीं हो पाता है। हालांकि ऐसे मामले जो गंभीर होते हैं, उनमें तथ्यों के मद्देनजर पुलिस लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने के बाद डीएनएन के लिए सैंपल सुरक्षित रखती है।लावारिस मौतों के मामले में मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में मरने वाले मरीज भी शामिल हैं। इन्हें घायल होने या अचेत अवस्था में मिलने पर एंबुलेंस कर्मी जिला अस्पताल पहुंचा देते हैं। इन्हें बेहतर उपचार व सोशल मीडिया बन सकता है सहारा जिले में मिले लावारिस शवों की पहचान कराने के लिए पुलिस को काफी परेशानी से जूझना पड़ता है। पूर्व के निर्देशों पर गौर करें तो इसके लिए सोशल मीडिया का व्यापक तौर पर पहचान के लिए उपयोग होना था। हालांकि पहले ही कार्यों के बोझ से दबे पुलिस कर्मी इस ओर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाते हैं।

# थाना चोपन पुलिस द्वारा खोये/गिरे हुए 01 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी को किया गया सुपुर्द

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** आवेदक कौशिल कुमार साकेत पुत्र विशाल साकेत निवासी खैरा, पोस्ट चितरंगी सिंगरौली म0प्र0 का मोबाइल कहीं खो गया था, जिसकी सूचना आवेदक द्वारा थाना चोपन पुलिस को दी गयी तो पीड़ित के खोये हुये मोबाइल की डिटेल यूपी कॉप एप्लीकेशन के माध्यम से पूेः// .मी.ुदन्.ग्ह/ पोर्टल पर दर्ज कराया गया । पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में जनपद में खोये/ गिरने से सम्बन्धित मोबाइल सेट की बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थानों पर मोबाइल रिकवरी टीम गठित किया गया। इसी क्रम में आज दिनांक-27.10.2024 को थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुये वीवो वाई 21 मल्टीमीडिया मोबाइल को सफलता पूर्वक बरामद कर मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया गया । जिसपर मोबाइल स्वामी एवं आमजन द्वारा पुलिस टीम की कोटि-कोटि प्रशंसा की गयी ।

**बरामद करने वाली टीम का विवरण** - 1.प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया थाना चोपन सोनभद्र । 2.कम्प्यूटर आपरेटर सुशील कुमार थाना चोपन सोनभद्र । 3.का0 सुनील कुमार यादव थाना चोपन सोनभद्र । 4.का0 सुभाष चन्द्र भारती थाना चोपन सोनभद्र।



# धूमधाम से सुभासपा ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज समेत अन्य जगहों पर सुहेलदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी का 22वां स्थापना दिवस मनाया गया। संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर समाज के गरीब एवं दलित वर्ग के लोगों को जागरूक एवं उनका हक दिलाने के लिए पार्टी की स्थापना की है। वह सड़क से लेकर सदन तक जनहित में कार्य के लिए हमेशा आवाज उठाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी आगामी चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर पर लोगों को पार्टी से जोड़कर संगठन का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं का पात्रों का लाभ दिलाकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य कर रही है। बाबूलाल मौर्य, अनुराग बियार, अमरेश यादव, जितेंद्र निषाद, शेषमणि, साहिद खान, सुनील कुमार बीयार, संजय कुमार, सत्यप्रकाश पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।



# राजभवन में राज्यपाल को सौपा ज्ञापन, अनुसूचित जाति जनजाति के साथ-साथ पिछड़ों व सबर्णो को भी दिया जाय बनाधिकार का पट्टा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सोमवार को सोनभद्र,चंदौली मिर्जापुर का प्रतिनिधिमंडल पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में लखनऊ स्थित राजभवन में राज्यपाल श्रीमती



आनंदीबेन पटेल से मुलाकात किया। प्रतिनिधि मंडल में पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी सोनभद्र, धनंजय पाठक सोनभद्र, ठाकुर दिग्विजय सिंह मिर्जापुर, जितेंद्र कुमार अग्रहरी मिर्जापुर, बादल पांडे मिर्जापुर,अभय प्रताप सिंह चंदौली शामिल थ प्रतिनिधि मंडल ने माननीया राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए सोनभद्र,चंदौली,मिर्जापुर के समसामयिक विषयों पर चर्चा किया। प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा करते हुए कहा कि अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वननिवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 अंतर्गत अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति के साथ-साथ पिछड़ों व सबर्णो को भी पट्टा के अधिकार दिए जाय। पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी ने श्रीमती आनंदीबेन पटेल से कहा कि अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वननिवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 तथा नियम 2008 - संशोधन नियम 2012 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार पिछड़ों व अन्य जाति के लोगों के भी आवेदन लिए जाएं क्योंकि अधिनियम में यह स्पष्ट है कि अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के साथ-साथ अन्य परंपरागत वन निवासी को भी पट्टा का अधिकार दिया जाएगा.किंतु जनपद में अन्य परंपरागत निवासियों के प्रार्थना पत्र न हीं लिए जा रहे हैं और ना ही उस पर विचार करते हुए स्वीकृत किया जा रहा है ऐसी दशा में सक्षम स्तर को यह निर्देशित करें की अन्य परंपरागत वन निवासियों अर्थात पिछड़ों व सबर्णो के प्रार्थना पत्र लिए जाएं उस पर नियमानुसार विचार किया जाए और उन्हें बनाधिकार के पट्टे दिए जाय। प्रतिनिधिमंडल ने अन्य विषयों पर भी कुछ चर्चा किया जिसके प्रमुख बिंदु सबर्ण समाज बाहुल्यता वाले जनपद सोनभद्र में सबर्णो की सुरक्षा हेतु उचित कदम राज्य सरकार उठाते हुये समस्या निस्तारण हेतू अलग से मजिस्ट्रेट की न्यूक्ति हो ,जनपद में सबर्णो पर हुए मुकदमों की मजिस्ट्रेट से जांच कराते हुए त्वरित निस्तारण हो और राज्य सरकार फर्जी मुकदमों को वापस करें,सबर्णो पर कुछ जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के द्वारा की जा रही जाति सूचक टिप्पणियों पर वार्निंग पत्र जारी किया जाए जिससे कि वे भविष्य में सार्वजनिक रूप से टिप्पणी कर वर्ग संघर्ष कराने जैसी स्थिति न उत्पन्न कर पाए,जनपद में तैनात सबर्ण अधिकारी और कर्मचारियों को पीड़ित करने की दृष्टि से लंबित कार्यवाहियों को त्वरित गति से निश्तारित करते हुए सरकार के प्रति पूर्ण मनोयोग से कार्य करने हेतु मनोबल प्रदान किया जाए, जनपद में स्थापित कंपनियों के ठसीएसआरङ्ग यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटीठ फंड को अन्य समुदाय के साथ-साथ गरीब सबर्ण परिवार के बच्चों के शिक्षा,स्वास्थ्य,संस्कार, स्वावलंबन,पर भी खर्च किया जाए, जनपद में शासन व जिला प्रशासन के सहयोग से लगने वाले मेडिकल तथा लाभार्थी परक कैंपों को सर्वजन हिताय की दृष्टि से बिना भेदभाव किये हर गांव में लगाए जाएं जिससे कि अन्य सभी जाति के भगिनी वंन्धुओ के साथ-साथ गरीब सवर्ण समाज के भी लोगों को उसका लाभ मिल सके।

# सुखराम सिंह मॉर्डन पब्लिक स्कूल मधुपुर सोनभद्र में सोमवार को दीवाली व दीपदान के उपलक्ष्य में रंगोली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पलक मौर्या, अंकिता, साल्वी, प्रानशी, स्वीता, नीतू , श्रद्धा, दीपा, सुमेधा, स्नेहा इत्यादि छात्राओं ने राम सीता, महात्मा गौतम बुद्ध, टाटा रतन, राधा कृष्ण, स्वर की कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। जिसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। बच्चों के द्वारा बनाई गई। रंगोली व दिया की सभी ने प्रशसा कि, जिसमें टैगोर हाउस, दयानंद हाउस, महात्मा हाउस व विवेकानंद हाउस तीन ग्रुप में रंगोली प्रतियोगिता



देवी सरस्वती, राम मंदिर, स्वच्छ भारत, लड़ाकू विमान, मोर, आदि का रंगोली बनाकर प्रतिभाग किया। रंगोली की थीम का मुख्य उद्देश्य रतन टाटा को याद करना था। छात्र-छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से देश के मशहूर उद्योगपति और देश के कोहिनूर रतन जहागीर भाई टाटा को याद किया। विद्यालय की छात्राओ ने रतन टाटा को याद करते हुए कहा की रतन टाटा एक दूरदर्शी कारोबारी नेता थे। वे दयालु मनवाले और आसाधारण इंसान थे। भारत ने एक महान इंसान को खो दिया टाटा सर के दूरदर्शी नेतृत्व, उनकी करुणा और परोपकर के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने हमारे देश और दुनिया पर अमिट छाप छोड़ी है। उनकी विरासत हम सभी को प्रेरणा देती रहेगी। हिन्दुस्तान का अभिमान देश का गौरव और सम्मान का नाम है रतन टाटा। रंगोली के माध्यम से छात्राओं के रचनात्मक विकास के साथ- साथ उनमे छिपी प्रतिभाओं को भी निखारा जाता हैं। इस प्रकार के आयोजन से छात्र-छात्राओं की क्रियाशिलता तथा एकाग्रता एवं मीलकर संपन्न हुआ। जिसमें कक्षा 3 से 10 वी तक के बच्चों ने रंगोली बनाई। सभी ग्रुप के बच्चों ने उत्तम रंगोली बनाकर सबका मनमोह लिया। स्कूल के प्रबंधक शिवपूजन सिंह मौर्य ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ही दीवाली की बधाई दी। इस दौरान निरीक्षक, अजय कुमार मौर्य प्रवक्ता नवोदय विद्यालय, व सिद्धान्त वर्धन अखंड भारत चैरिटेबल ट्रस्ट प्रदेश प्रवक्ता, मोस्ट इंग्लिश स्पीकर, प्रिंसिपल अशोक कुमार सिंह, उप प्रिंसिपल अखिलेश कुमार मौर्य, सहित, विद्यालय के अध्यापक आलोक रंजन सिंह, अनिता प्रजापति, आलोक रंजन, धीरज मौर्य, राजबहादुर सिंह, संजय यादव, सुधा मौर्या, अनिल सिंह, प्रकाश पठारी, सच्चिदानंद, प्रिया मौर्या, प्रियंका सिंह, प्रिया कुमारी, जीतू सिंह चौहान, रश्मिकांत वर्मा, कविता मौर्या, सरोज मौर्या, सपना विश्वकर्मा, ओमप्रकाश, नीलू पाल, पूजा तिवारी, विद्यालय के प्रबंधक श्री शिवपूजन सिंह द्वारा निरीक्षक व पत्रकार बंधुओं को अंगवस्त्र व मिष्ठान देकर सम्मान पूर्वक विदा किया ।

# दिवाली महोत्सवः जे एस पी महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं ने किया प्रतिभाग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** करमा ब्लॉक अंतर्गत जे एस पी महाविद्यालय कसया कला सोनभद्र में आज सोमवार को दिवाली महोत्सव का आयोजन किया गया



रंगोली बना कर, रस्सी खींच व फेस आर्ट आदि प्रतियोगिताओं में। बी ए व डी फार्मा व बी ए डी एल एड के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबन्ध निदेशक डा. प्रसन्न पटेल व विशिष्ट अतिथि बाबू पारस नाथ सिंह अध्यक्ष हंस वाहिनी इंटरमीडिएट कॉलेज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक बाबू पारस नाथ सिंह , चिफप्राक्टर डॉ रतन लाल सिंह जी ने किया। कार्यक्रमों का सञ्चालन जी एम सिंह ने किया कार्यक्रम में सभी शिक्षण संस्थाओं के हेड उपस्थित रहे जयप्रकाश वर्मा कार्यालय अधीक्षक जे एस पी महाविद्यालय से पारस सिह कालेज ऑफ फार्मेसी से दसरथ जी अधीक्षक, इन्द्र प्रताप बिटीसी कालेज अधीक्षक गोवर्नमेंट सिह( जी एम सिह), सरदार वल्लभ भाई पटेल आई टी आई अधिक्षक विकास मेहता, शिक्षकगण, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रकाश कुमार, असिस्टेंट गौरव कुमार, लेक्चरर सूरज सिंह ,राजकुमार, अजित कुमार ,निष्ठा जायसवाल, श्रीमती कविता मौर्या, प्रतिष्ठा जायसवाल, गुड्डी, चुल्हाई निलम कुमारी आदि ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाना व उनको उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करना था। सभी विजेता टीमों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सोनभद्र अपने छात्र छात्राओं को आगामी चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु समय समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है जो कि छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करता है।

# शक्तिनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, बिहार, उ0प्र0 व अन्य राज्यों से चोरी मोबाइल बरामद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** आवेदक भोकलो दास पुत्र स्व0 पिताम्बर दास निवासी ए-115 बीना कालोनी, थाना शक्तिनगर, सोनभद्र व हीरा लाल गुप्ता पुत्र श्री



यमुना राम निवासी बी-3 बीना कालोनी, थाना शक्तिनगर, सोनभद्र द्वारा थाना शक्तिनगर पर लिखित तहरीर दी गयी कि बीते 24 को सांयकाल 05.40 बजे अज्ञात 04 लड़के ने बीना मार्केट में झपट्टा मारकर मोबाइल लेकर चले गये । उपरोक्त के सम्बन्ध में थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0-140/2024 धारा 304 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री कालू सिंह के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पिपरी के नेतृत्व में जनपद में अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने एवं उनमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.10.2024 थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा जयन्त मार्ग पर उर्जा द्वार तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की जा रही थी कि थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि सण्डे मार्केट में कुछ अजनबी लड़कों द्वारा मार्केट में भीड़-भाड़ देखकर मोबाइल चोरी करने के फिराक में है, उक्त सूचना पर सण्डे मार्केट शक्तिनगर से शक्तिनगर पुलिस द्वारा झपट्टा मार (चोरी करने वाले) मोबाइल गिरोह के 05 नफर अन्तर्राज्यीय अभियुक्तगण एवं 01 बाल अपचारी के कब्जे से भिन्न-भिन्न कम्पनियों के 60 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल बरामद कर गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग की धारा में 317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग वर्तमान समय में डिबुलगंज अनपरा में किराये पर रुम लेकर रह रहे है । हम सब लोग फेरी करके कपड़ा बेचने के बहाने उत्तरप्रदेश, बिहार व अन्य राज्यों में जाकर किराये पर रुम लेकर उस क्षेत्र के भीड़-भीड़ वाले स्थानों या आस-पास के बाजारों में जाकर लोगों की मोबाइलों को चोरी करके बिहार व बंगाल में बेचकर अच्छे पैसा पाते थे और मिले पैसे को हम सब आपस में बाट लेते थे । हम लोग अक्सर 4 से 6 माह में मोबाइल चोरी का काम करते थे । गिरफ्तार अभियुक्तगण के निशानदेही पर अनपरा के किराये के रुम से भिन्न-भिन्न कम्पनियों के 60 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल बरामद किया गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** 1.कुन्दन कुमार महतो पुत्र कुलेश महतो निवासी ग्राम तीन पहाड़ थाम तीन पहाड़ जनपद साहेबगंज (झारखण्ड) उम्र लगभग 36 वर्ष । 2.गौतम कुमार महतो पुत्र आनन्द प्रसाद महतो निवासी ग्राम तीन पहाड़ थाम तीन पहाड़ जनपद साहेबगंज (झारखण्ड) उम्र लगभग 39 वर्ष । 3.अर्जुन मण्डल पुत्र राकेश मण्डल निवासी बास केला थाना तेलझाड़ी जनपद साहेबगंज (झारखण्ड) उम्र लगभग 18 वर्ष । 4.गोविन्द कुमार महतो पुत्र स्व0 लक्ष्मी प्रसाद महतो निवासी ग्राम तीन पहाड़ थाम तीन पहाड़ जनपद साहेबगंज (झारखण्ड) उम्र लगभग 25 वर्ष ।

# देश/विदेश





मेरा देश भारत

## संक्षिप्त समाचार

### धीमी गति से बढ़ने वाले पेड़ अधिक समय तक रहते हैं जीवित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** विविध प्रजातियों के पेड़ों वाले जंगलों में कार्बन सोखने की क्षमता ज्यादा होती है, क्योंकि इन जंगलों में पेड़ों की जैव विविधता ज्यादा होती है। पेड़ों की प्रजातियों के सही मिश्रण का चयन करके ज्यादा से ज्यादा कार्बन जमा किया जा सकता है। इससे जलवायु में बदलाव को कम करने में मदद मिल सकती है। एक नए अध्ययन से पता चला है कि जो पेड़ तेजी से बढ़ते हैं और तेजी से कार्बन को अवशोषित करते हैं वे छोटे होते हैं व उनका जीवनकाल कम होता है। इस वजह से कार्बन का भंडारण कम होता है और यह वायुमंडल में वापस तेजी से निकल जाती है। वहीं, धीमी गति से बढ़ने वाली प्रजातियां लंबे समय तक जीवित रहती हैं और बड़ी होती हैं, जिनमें वायुमंडलीय से अधिक कार्बन को सोखने की क्षमता होती है।

## जरूरतमंदों को कपड़ा वितरण कर सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने दी सभी को दीपावली की बधाई

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** सेंटर ऑफ़ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) गौतम बुध नगर जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष रेखा चौहान, कोषाध्यक्ष एवं क्षेत्र वासियों को दीपों का महापर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा,भैया दोज, छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि ये पर्व सभी के जीवन में सुख शांति शांति लाए ऐसी मंगल में कामनाएं व्यक्त किय सीटू



गुड़िया देवी, प्रदीप कुमार आदि कार्यकर्ताओं ने आज 30 अक्टूबर 2024 को झुग्गी बस्ती सेक्टर- 78, नोएडा पर जरूरतमंदों को निशुल्क साड़ी, सॉल, जर्सी, पैंट- शर्ट, आदि कपड़ों का वितरण कर मजदूर संगठन सीटू, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति गौतम बुद्ध नगर की ओर से सभी देश/ प्रदेश जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता जहां हक अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करते हैं, वहीं लगातार समाज सेवा का कार्य भी करते रहते हैं और इस तरह के कार्यक्रम अक्सर करते रहते हैं। और हमारा मानना है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है जिसका हम निर्वाह करने का प्रयास कर रहे हैं।

## नोएडा स्टेडियम में रन फार युनिटी का आयोजन



**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नोएडा भाजपा नोएडा महानगर द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के उपलक्ष्य में रन फार युनिटी का आयोजन नोएडा स्टेडियम पर किया। इस रन फार युनिटी दौड़ में ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी सम्मिलित हुए। ये दौड़ गेट नं 4 से शुरू हो कर सेक्टर 12 होते हुए वापस गेट 4 पर ही समाप्त हुई। महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, पंकज झा, एन पी सिंह, महेश अवाना, भगत भाटी, सत्येन्द्र महावर आदि लोग मौजूद रहे।

## यमुना दीपोत्सवः यमुना नदी के संरक्षण और स्वच्छता का प्रतीक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नोएडा वाईएसएस फाउंडेशन



द्वारा आयोजित यमुना दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कालिंदी कुंज यमुना घाट पर दीप जलाकर मां यमुना की आरती के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यमुना नदी के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यमुना के तट पर दीप प्रज्वलित कर पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का संदेश दिया गया। यमुना नदी में दीपदान का धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व है। यह पवित्रता, स्वच्छता और जीवन की नकारात्मक ऊर्जाओं को समाप्त करने का प्रतीक है। नरक चतुर्दशी के अवसर पर यमराज के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए दीपदान करने से परिवार के स्वास्थ्य, समृद्धि और दीर्घायु की प्राप्ति मानी जाती है। इस पवित्र कार्य के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया, जो समाज के हर व्यक्ति को अपने परिवेश की स्वच्छता के प्रति प्रेरित करता है। वाईएसएस फाउंडेशन के निदेशक, सचिन गुप्ता ने कहा, ठयमुना हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और इसे संरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। दीपोत्सव के माध्यम से हम पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाते हुए भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने का संदेश दे रहे हैं आयोजन में स्थानीय समुदाय और युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, जो यमुना की स्वच्छता और संरक्षण के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। वाईएसएस फाउंडेशन का यह प्रयास समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव पैदा करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक जीवन में जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण रक्षा के प्रयासों को अपनाएंगे और इसे अपने आसपास के समाज में भी बढ़ावा देंगे। आज के कार्यक्रम में यमुना कॉर्डिनेटर दिनेश कुमार, सचिन गुप्ता, दिव्या सिंह, तेजस गुप्ता, रुचि सिंह, पंकज मिश्रा, गोलू के साथ स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

ADHUNIK TUTORIALS
" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "
FOR CLASSES 1st 5th
(ADMISSION OPEN)
FACILITIES
- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks

Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)
- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .



Ms. Riya Arora (Counsellor)
- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .



Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .
Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## प्लास्टिक सर्जरी के दावों को नयनतारा ने किया खारिज बताया समय-समय पर चेहरा क्यों लगता है अलग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बीते दिनों ऐसी खबरें खूब सामने आईं जिनमें दावे किए गए कि नयनतारा ने चेहरे पर प्लास्टिक सर्जरी कराई है। अब नयनतारा ने ऐसे दावों पर चुप्पी तोड़ी है और इन्हें सिर्फ अफवाह बताया है नयतनारा प्लास्टिक सर्जरी कराई है। ऐसी खबरों पर नयनतारा ने प्रतिक्रिया दी है। एक हालिया इंटरव्यू में नयनतारा ने ऐसी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने कभी अपने चेहरे में कोई बदलाव नहीं किया है। नयनतारा ने



ने अपने चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी से जुड़े दावों को खारिज कर दिया है। साउथ की लेडी सुपरस्टार को लेकर बीते दिनों तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए गए कि उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वर्षों से वक्त-वक्त पर उनका चेहरा अलग क्यों लगता है। नयनतारा ने से बातचीत के दौरान कहा कि हर रेड कार्पेट इवेंट से पहले उन्हें अपनी आईब्रो पर काम करना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा, 'मुझे आईब्रो बनाना अच्छा लगता है। इन्हें परफेक्ट बनाने के लिए मैं भरपूर समय लेती हूं, क्योंकि लुक के मामले में ये गेम चेंजर की तरह हैं। वर्षों से इसकी वजह से मेरा चेहरा अलग लगता रहा है। शायद इसीलिए लोगों ने सोचा हो कि मेरा चेहरा बदल गया है। मैं अलग दिखती रहू हूं'।नयनतारा ने प्लास्टिक सर्जरी कराने की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा, 'बहुत से लोग सोचते हैं कि मैंने अपने चेहरे पर कुछ किया है। लेकिन, यह सच नहीं है। रिकॉर्ड पर, सच नहीं है। ऐसा नहीं है कि यह गलत है, लेकिन मेरे लिए यह सिर्फ डाइट के चलते रहा है। वजन में बहुत उतार-चढ़ाव हुए, मेरे गाल कभी अंदर तो कभी बाहर आ गए। आप मुझे चुटकी काट सकते हैं। छूने पर आपको खुद मालूम चल जाएगा कि कोई प्लास्टिक नहीं है'।नयनतारा साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने 2003 में मलयालम फिल्म से डेब्यू किया। इसके बाद वे कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आईं। अभिनेत्री ने बीते वर्ष शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। एटली के निर्देशन में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

## बाजीराव सिंघम ने दी भयंकर रोंगटे खड़े करने की गारंटी, 'विनाशम करोहम' गाना रिलीज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'सिंघम अगेन' का टाइटल ट्रैक 'विनाशम करोहम' रिलीज हो गया है। गाना भयंकर 'जय बजरंगबली' रिलीज होने के बाद, निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल ट्रैक 'विनाशम करोहम' जारी कर दिया है। गाना भयंकर रोंगटे खड़े



रोंगटे खड़े करने की गारंटी देता है। इसमें फिल्म के मुख्य कलाकारों की झलक देखने को मिली है। 'सिंघम अगेन' लोकप्रिय फ्रेंचाइजी 'सिंघम' की बहुप्रतीक्षित तीसरी किस्त है। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, जैकी श्रॉफ, अर्जुन कपूर और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिकाओं में हैं। ट्रेलर और गाना करने की गारंटी देता है।आज, 26 अक्तूबर को अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'सिंघम अगेन' के टाइटल ट्रैक 'विनाशम करोहम' का वीडियो साझा किया। गाने में अजय देवगन पुलिस की वर्दी पहने हुए हैं और बैकग्राउंड भी बेहद ग्रैंड लग रहा है। गाने के श्लोक रोंगटे खड़े करने वाले हैं। वीडियो में अन्य कलाकारों टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, अक्षय कुमार, करीना कपूर और रणवीर सिंह के किरदारों की भी झलक देखने को मिली है। म्यूजिक वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन दिया, 'भयंकर रोंगटे खड़े हो जाने की गारंटी।'19 अक्तूबर को, रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक म्यूजिक वीडियो शेयर किया, जिसका शीर्षक 'जय बजरंगबली' था। वीडियो में उन्हें संग्राम भालेराव उर्फ सिम्बा के रूप में देखा जा सकता है। यह ट्रैक हनुमान चालीसा से प्रेरणा लेता है और इसमें श्रीकृष्ण, करीमुल्लाह, अरुण कौंडिन्य और अन्य गायक शामिल हैं। उन्हें युद्ध में जाने से पहले अजय देवगन यानी बाजीराव सिंघम के पैर छूते हुए भी देखा जा सकता है।इस बीच, रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित 'सिंघम अगेन' में सलमान खान की एक विशेष कैमियो भूमिका भी होगी, जो उनकी फिल्म 'दबंग' से चुलबुल पांडे के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म का निर्माण अजय देवगन, ज्योति देशपांडे और रोहित शेट्टी ने किया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित-स्टारर 'भूल भुलैया 3' से टकराएगी क्योंकि दोनों फिल्में 1 नवंबर को सिनेमाघरों में उतरेंगी।

## जान्हवी ने सिटाडेल हनी बनी की जमकर तारीफ की, वरुण सामंथा के लिए बोली दिल छू लेने वाली बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपने सह-कलाकार वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु की आगामी एक्शन थ्रिलर वेब सारीज सिटाडेलः हनी बनी की जमकर तारीफ की। साथ ही दोनों कलाकारों की प्रशंसा करते हुए बोली खास बात।वरुण धवन और सामंथा रूथ प्रभु की लगता है कि यह कमाल की है। मुझे लगता है कि उन्होंने और सामंथा ने कमाल कर दिया है, और मुझे उम्मीद है कि वे जो भी करेंगे, उन्हें हमेशा सफलता मिलेगी क्योंकि वे बहुत मेहनती हैं। हनी बनी के लिए, यह बहुत बढ़िया है वरुण और सामंथा रुथ प्रभु की आने वाली एक्शन ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेलः हनी बनी






बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज सिटाडेलः हनी बनी, 7 नवंबर, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। टीजर और ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही उत्साह बढ़ता जा रहा है। वहीं अब वरुण की सनी संस्कारी की तुलसी कुमार की सह-कलाकार और बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने उनके आगामी राज और डीके के शो के लिए दोनों की प्रशंसा करते हुए कहा, ठदोनों ने कमाल कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान जब जान्हवी कपूर से पूछा गया कि उन्हें वरुण की सिटाडेल कैसी लगी। उन्होंने जवाब दिया, मुझे में सामंथा हनी और वरुण बनी के किरदार में नजर आएंगे। सिटाडेल का भारतीय संस्करण, सिटाडेलः हनी बनी , मूल श्रृंखला की कहानी पर आधारित है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा ने नादिया की भूमिका निभाई है। जान्हवी और वरुण ने पहली बार साल 2023 में फिल्म बवाल में एक साथ काम किया था। इस फिल्म में दोनों ने पति-पत्नी का किरदार निभाया था। यह फिल्म दोनों के प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आई थी। अब जान्हवी और वरुण फिर से एक साथ फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएंगे।

## दिवाली पार्टी में साथ नजर आए लव बड्र्स विजय-तमन्ना, पैपराजी के साथ ली सेल्फी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में, विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया फैशन दिवाली पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान लव बड्र्स ने जमकर पोज दिए और के साथ पैपराजी के साथ सेल्फी लेते देखा गया, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है इस वीडियो में आप विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया को मीडिया के साथ मजेदार





पैपराजी के साथ सेल्फी भी ली, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।बॉलीवुड अभिनेता विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया सबसे पसंदीदा जोड़ों में से एक हैं। वे अपने फैशन सेंस से प्रशंसकों को अक्सर इंप्रेस करते आए हैं। शनिवार की रात, इस जोड़े को रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी में देखा गया। वे स्टाइलिश अंदाज में नजर आए। हालांकि, एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें विजय वर्मा को तमन्ना बातचीत करते हुए देख सकते हैं। उन्होंने उनके साथ एक सेल्फी भी क्लिक की और मीडिया को दिवाली की शुभकामनाएं भी दीं। बाद में, तमन्ना ने कुछ तस्वीरें भी खिंचवाईं। वह पिंक कलर के लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। फैंस ने कमेंट सेक्शन में दिल वाले इमोजी के साथ दोनों को क्यूट कपल का टैग दिया। तमन्ना और विजय दोनों ने ही दिवाली पार्टी के लिए शानदार लुक अपनाया। पार्टी में शामिल होने के बाद, कथित प्रेमी जोड़े को एक साथ बाहर निकलते हुए देखा गया, जो कपल गोल्स की तरह था। पैपराजी द्वारा साझा इस वीडियो और तस्वीरों से पता चलता है कि तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा दिवाली पार्टी के लिए बेहतरीन कपड़े पहने हुए थे। जैसे ही वे जश्न से बाहर निकले, अभिनेता ने अपनी प्रेमिका को अपने करीब रखा और उसके चारों ओर एक सुरक्षात्मक हाथ रखा। कार के पास जाने से पहले दोनों ने खुशी-खुशी पैपराजी को जमकर पोज दिए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने कथित तौर पर दिसंबर 2022 में डेटिंग शुरू की। हालांकि, शुरू में दोनों ने अपने रिश्ते के बारे में चुप्पी साधे रखी, लेकिन तमन्ना ने आखिरकार जून 2023 में एक इंटरव्यू में विजय के साथ डेटिंग की पुष्टि की, जिसके दौरान उन्होंने उन्हें अपना 'खुशहाल जगह' बताई। काम की बात करें तो तमन्ना भाटिया को आखिरी बार निखिल आडवाणी की फिल्म 'वेदा' में देखा गया था। इस फिल्म में उनकी स्पेशल अपीयरेंस थी। अमर कौशिक की हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री 2: सरकटे का आतंक' में भी उन्होंने कैमियो किया था। तमन्ना अगली बार अशोक तेजा द्वारा निर्देशित तेलुगु सुपरनैचुरल फिल्म 'ओडेला 2' में नजर आएंगी। इस बीच, विजय वर्मा को आखिरी बार 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' सीरीज में देखा गया था और उनकी 'सूर्या 43' पाइपलाइन में है।

## नारीवाद को लेकर शबाना आजमी का बयान, कहा खुद को नारीवादी न कहने वालों से आती है चिढ़

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शबाना आजमी ने नारीवाद को लेकर हाल में ही बातचीत की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि



जो लड़कियां खुद को नारीवादी नहीं कहती हैं, उनसे उन्हें काफी चिढ़ होती है। इसे लेकर उन्होंने एक दिलचस्प किस्सा भी साझा किया है। शबाना आजमी हिंदी सिनेमा की बेहतरीन अभिनेत्री हैं, जिन्हें उनकी असाधारण अभिनय प्रतिभा के लिए काफी सराहना मिलती है। उन्होंने अपने करियर में सामाजिक सुधार के ऊपर कई फिल्में की है।

## दिल-लुमिनाती' शो में दिलजीत ने दिया सद्भावना का संदेश, फैंस से बोले, 'खूब बड़े सपने देखो'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिलजीत दोसांझ का दिल्ली में दो दिवसीय कॉन्सर्ट सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कल रविवार को शो के दूसरे दिन गायक और अभिनेता दिलजीत ने फैंस से प्रेरित करने वाली बातें कहीं। उन्होंने के तहत हुआ। भारत से पहले दिलजीत ने कई अन्य देशों में कॉन्सर्ट किया। अब दिल्ली में हुए शो के दोनों दिन अपार भीड़ उमड़ी। दिलजीत दोसांझ ने शो में उन्हें सुनने पहुंचे युवाओं और बुजुर्गों को खूबसूरत संदेश दिया। सिंगर को



सभी से बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की अपील की। मशहूर पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ ने दिल्ली में अपने दो दिवसीय कॉन्सर्ट के दूसरे दिन कल रविवार को फैंस को सद्भावना का संदेश दिया। इसके अलावा कॉन्सर्ट में पहुंचे दर्शकों से उन्होंने बड़े सपने देखने की अपील की। दिलजीत का यह कॉन्सर्ट उनके 'दिल-लुमिनाटी इडिया टूर' करीब 40 हजार लोगों की भीड़ सुनने पहुंचे। शो का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। इस दौरान दिलजीत अपने लोकप्रिय गानों से समा बांध दिया। शो करीब पौने आठ बजे शुरू हुआ। शो के दौरान उन्होंने फैंस से कहा, 'मैं चाहता हूं कि आप सभी बड़े सपने देखो। जितना संभव हो उतने बड़े सपने देखो प्लीज।

## शाहरुख खान के साथ 'अशोका' में काम करने के बाद रिटायर होना चाहती थीं करीना कपूर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी की शुरुआत में इस तरह के शानदार किरदार निभाने के लिए जमकर सराहा गया था, लेकिन क्या आप में खुलकर बात की थी। करीना को इस तरह की शानदार फिल्म का हिस्सा बनने पर काफी गर्व था और भारतीय हूं। इसके अलावा, करीना ने बताया था कि घर वापस आकर उन्हें यश जौहर, यश चोपड़ा और



फिल्म सिंघम अगेन को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच करीना का एक इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें बेबो ने फिल्म अशोका के बाद फिल्मों से संन्यास लेने की बात कही थी। इस फिल्म में वह शाहरुख खान के साथ नजर आई थीं।2001 में करीना कपूर खान और शाहरुख खान की फिल्म अशोका रिलीज हुई थी। इस फिल्म में करीना ने मुख्य भूमिका निभाई थी। संतोष सिवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शाहरुख खान भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। इस फिल्म में कौरवकी के रूप में करीना का अभिनय सभी को पसंद आया। उस समय, करीना को अपने करियर जानते हैं कि उस समय बेबो ने सोचा था कि शाहरुख खान के साथ फिल्म अशोका में काम करने के बाद उन्हें रिटायर हो जाना चाहिए? आखिर बेबो ने ऐसा क्यों कहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान करीना कपूर खान ने कहा था कि उनकी चौथी फिल्म (अशोका) के रूप में, उनकी मां ने उनसे कहा था कि वह इस प्रदर्शन को बेहतर नहीं कर पाएंगी। करीना ने कहा, ठमैं उनसे सहमत हूं। मुझे लगता है कि मुझे रिटायर हो जाना चाहिए।ठ उसी इंटरव्यू में आगे, करीना ने अपने करियर की शुरुआत में इस तरह की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने के बारे अपनी शानदार परफॉर्मेंस के लिए प्रशंसकों ने उन्हें लेटर्स और फूल भेजे थे, जिससे वह काफी खुश थीं। करीना ने कहा, ठआजकल हर हीरोइन अशोका जैसी फिल्म करने के लिए कुछ भी कर सकती है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं, जब मैं अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव में गई, तो हमें जिस तरह का स्वागत मिला, जो अविश्वसनीय था। हर जगह हमारे लिए खड़े होकर तालियां बजाई गईं और दर्शक केवल भारतीय नहीं थे बल्कि दुनिया भर से लोग आए थे। फिर कई हॉलीवुड और ब्रिटिश निर्देशक मेरे पास आए और कहा कि मैं अद्भुत हूं। उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि मैं भारतीय हूं। इसके अलावा, करीना ने बताया था कि घर वापस आकर उन्हें यश जौहर, यश चोपड़ा और बाकी प्रसिद्ध फिल्म निर्माताओं से भी खूब तारीफें मिलीं। उनके सह-कलाकार, जिनसे वह कभी नहीं मिलीं, उन्होंने भी उन्हें फोन किया और प्रशंसकों ने फूल भेजे। उन्होंने कहा कि उनमें कभी आत्मविश्वास की कमी नहीं रही। शुरू से ही, वह अपने किरदार में पूरी तरह डूब गई थीं। अभिनेत्री का मानना है कि वह और शाहरुख एक साथ बहुत अच्छे थे। काम की बात करें तो शाहरुख फिल्म किंग में नजर आएंगी, वहीं करीना फिल्म सिंघम अगेन में नजर आएंगी, जो इस साल दिवाली पर रिलीज हो रही है।

## राशिफल

**मेष-:** स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है।

**वृष-** सप्ताह आपके लिए मंगलमय रहेगा। आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

**मिथुन-:** भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

**कर्क-:** जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह-:** आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

**कन्या-:** आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-:** किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-:** भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

**धनु-:** भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से विचलित हो सकता है।

**मकर-:** खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अडियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

**कुंभ-:** आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है।

**मीन-:** आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़



# सम्पादकीय

## भारत के लिए स्वर्णिम समय, अमेरिका, फ्रांस से हथियार मिल रहे हैं तो रूस से भी

वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर चार साल के व्यापक टकराव के बाद चीन भारत के साथ सैन्य तनाव घटाने को राजी हो गया। प्रश्न है कि क्या चीन इस सैन्य आक्रामकता से अपने किसी उद्देश्य को हासिल कर सका? इस आक्रामक सैन्य तैनाती के पीछे चीन का पहला उद्देश्य था कि वह भारत को संदेश दे कि 1971 के युद्ध के बाद नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान में बमबारी करने, अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने जैसे कदमों के बाद वह अब बस करे। चीन यह भी चाहता था कि भारत जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के उन हिस्सों, जो चीन और पाकिस्तान के कब्जे में हैं, को लेकर कोई बड़ी महत्वाकांक्षा न पाले। चीन किसी सूरत में यह नहीं चाहता था कि भारत गिलगित-बाल्टिस्तान की ओर कदम बढ़ाए, क्योंकि ऐसा होने पर चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा तो खतरे में पड़ ही जाएगा, भारत का पारंपरिक भौगोलिक संपर्क अफगानिस्तान, मध्य एशिया, यूरोप और रूस से जुड़ जाएगा। यह भारत को बड़ी आसानी से एशिया की सबसे बड़ी भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक महाशक्ति बना देगा। चीन का दूसरा उद्देश्य था कई स्थानों पर वास्तविक नियंत्रण रेखा को भारत की ओर खिसकाना। तीसरा उद्देश्य था कि भारत की सबसे बड़ी चिंता यानी दो मोर्चों पर युद्ध के हालात को मूर्त रूप दिया जाए। इसमें वह सफल नहीं हो सका, क्योंकि आर्थिक संकट और आंतरिक अस्थिरता में घिरे पाकिस्तान ने सैन्य तनाव के बीच ही भारत के साथ नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम समझौता कर लिया। गलवन की सैन्य झड़प में अपने दृढ़ रवैये और सैन्य तनाव के बीच कैलास रेंज की कुछ सामरिक चोटियों पर कब्जा करने जैसे कदमों के माध्यम से भारत ने स्पष्ट कर दिया था कि वह जोर-जबरदस्ती से वास्तविक नियंत्रण रेखा को खिसकाने नहीं देगा। इसका परिणाम यह हुआ कि सैन्य तनाव समाप्त किए बिना संबंधों को सामान्य करने की रट लगाने वाले चीन को सीमा पर तनाव घटाने के लिए राजी होना पड़ा। यह मोदी सरकार की बड़ी कूटनीतिक सफलता है। इस घटनाक्रम ने भारत और चीन, दोनों को ही एक-दूसरे के सापेक्ष शक्ति विस्तार की सीमाएं दिखला दी हैं। अब जहां यह स्पष्ट है कि चीन सैन्य ताकत और कमजोर पड़ते दोस्त पाकिस्तान के बल पर नए भारत को दबा नहीं सकता, वहीं भारत के लिए भी यह स्पष्ट है कि गिलगित-बाल्टिस्तान जैसे अपने भूभागों को वापस पाने के लक्ष्य को प्राप्त करने लायक सैन्य और आर्थिक शक्ति अभी उसे एकत्र करनी बाकी है। चीन के साथ सैन्य तनाव के बीच दिल्ली का जिस तरह किसान आंदोलन के नाम पर महीनों घेराव करके रखा गया और गणतंत्र दिवस पर लाल किले पर धावा बोलकर जैसा उत्पात मचाया गया, उसने यह बताया कि भारत आंतरिक मोर्चे पर कितना भेद्य है। भारत अभी साइबर युद्ध, ड्रोन तकनीक और एआइ आदि में चीन से मीलों पीछे है। मोदी सरकार द्वारा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए मेक इन इंडिया के माध्यम से कई कदम उठाए गए हैं, पर अभी भी उच्च तकनीक वाले अधिकतर सैन्य साजो-सामान के लिए वह दूसरे देशों पर निर्भर है, जिनमें से कई विश्वसनीय नहीं हैं। हमारे पास अपने कंप्यूटर आपरेटिंग सिस्टम और सोशल नेटवर्क प्लेटफार्म तक नहीं हैं। वहीं चीन इन सभी में पूरी तरह आत्मनिर्भर है। भारत और चीन के संबंधों में ताजा प्रगति को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी समझने की आवश्यकता है। सीमा पर सैन्य तनाव घटाने को लेकर समझौते की घोषणा से एक दिन पहले चीनी राष्ट्रपति ने अपनी सेना को युद्ध के लिए तैयार रहने को कहा था। स्पष्ट है कि जब चीनी राष्ट्रपति यह बयान दे रहे थे, तब सीमा पर समझौते का खाका खींचा जा चुका था। दरअसल इस वर्ष के प्रारंभ में अमेरिका द्वारा भारत से पूछा गया था कि चीन द्वारा ताइवान पर सैन्य आक्रमण की स्थिति में क्या वह चीन के विरुद्ध एक सैन्य मोर्चा अपनी सीमा पर खोलेगा? स्पष्ट आश्वासन न मिलने पर अमेरिका द्वारा भारत पर दबाव बनाने के लिए कनाडा की सहायता से खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश को लेकर आरोप लगाए गए और अमेरिकी मीडिया की सहायता से भारत के शीर्ष नेताओं और सुरक्षा अधिकारियों तक का नाम घसीटने का प्रयास किया गया। मणिपुर और म्यांमार में फैलाई जा रही अस्थिरता में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की भूमिका को लेकर काफी चर्चा होती रही है। चर्चा इसकी भी होती है कि अमेरिका ने बांग्लादेश में शेख हसीना का तख्तापलट कराया। अमेरिका द्वारा यह सब तब किया गया, जब भारत चीनी शक्ति के बढ़ते विस्तार को रोकने के लिए बने क्वाड का सबसे प्रमुख सदस्य है। चीन से संबंध सुधार कर भारत ने अमेरिका को भी संदेश दिया है कि उसके सभी विकल्प खुले हैं। चीन को भी समझ आया है कि भारत से शत्रुता बढ़ाकर वह अमेरिकी खेमे को ही मजबूत करेगा। अपनी धीमी पड़ती अर्थव्यवस्था के लिए भारत के 140 करोड़ ग्राहकों वाले बाजार के दरवाजे बंद करना चीन के लिए आत्मघाती हो सकता है। भारत इस समय अकेला बड़ा देश है, जिसे हर खेमा लुभाना चाहता है। भारत को अमेरिका, फ्रांस से हथियार मिल रहे हैं तो रूस से भी। भारत अगर क्वाड का सदस्य है तो ब्रिक्स का भी।

# एक पत्रकार सबकी लड़ाई लड़ता है लेकिन जब उसकी अपनी बात आती है तो वो आखरि कहाँ जाये

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

और शायद इसलिए चौथे स्तंभ की जो महिमा है वह सर्वोपरि है क्योंकि पत्रकार ही है जो समाज सरकार दोनों का सेवक है यह अलग बात है कि आज उसके मायने बदल गए हैं पूरब का आक्सफोर्ड कहा जानें वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय की बात करें तो पत्रकारिता की वेकेंसी तो आयी लेकिन शायद सिर्फ अपडेट के लिए और मेरी खुद की ये पीड़ा है कि लगातार लगभग 8 वर्षों से मेरी खुद की पत्रकारिता में प्रोफेसर के लिए आयीं वेकेंसी अपडेट तो हो रही है पर अफसोस प्रोफेसर ना होने के बावजूद भी उसे फुलफिल नहीं किया जा रहा है ऐसा क्यों? पूर्व में कुलपति रहे प्रोफेसर हर्षे जी फिर कुलपति प्रोफेसर रतनलाल हंगुलु जी उसके बाद आज कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव जी हैं 25 सालों से भी ज्यादा समय का नेशनल जर्नलिज्म का लंबा चौड़ा एक्सपीरियंस होने के बावजूद भी आज तक मामला सिर्फ अपडेट पर ही लटका हुआ है हालांकि उसके पीछे तमाम कारण है जिनका जिक्र मुझे नहीं लगता करने की ज़रूरत है लेकिन हां इतना ज़रूर कहूंगी कि आज किसी भी पद प्रतिष्ठा के लिए सिर्फ़ विदुषी होना ही ज़रूरी नहीं बल्कि रसूखदार होना ज़रूरी हैं कुलपति महोदया भी स्वयं इसकी जीतीं जागतीं उदाहरण हैं अब सवाल ये उठता है कि आखिर हर पत्रकार रसूखदार तो हो नहीं सकता और जिनके भी बच्चे खासतौर पर मां बहन बेटियां जिनकी भी पढ़ लिख रहीं हैं आखिर वह बड़ी-बड़ी डिग्रीयां लेकर जाएंगी कहां? और करेंगी क्या? और सबसे आश्चर्यजनक बिडम्बना का विषय यह है कि हर कोई सिर्फ अपनी मां बहन बेटियों को ही उच्च पदासीन और सुरक्षित देखना चाहता है अब यहां पर फिर से वही बात कि क्या ये सिर्फ और सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी है?? या इसमें हमारी आपकी भी कुछ सहभागिता है??या यूँ कहें ये एक समाज की व्यवस्था है और समाज की नैतिक जिम्मेदारी भी है की हर कोई एक दूसरे को उठाने का प्रयास करें संरक्षण का प्रयास करें न कि दबाने और कुचलने का तभी सबका कल्याण संभव हो पाएगा क्योंकि आप जो देंगे वही प्राप्त होने वाला है या होगा आज गौ वर्धन पूजा पर भगवान श्री कृष्णा जी से यही सीखने और समझने का हमें प्रयास करना चाहिए कि आखरि कैसे सबको संरक्षित किया जा सकता है और यह शक्तियां सबके पास निहित है बस सिर्फ और सिर्फ उसके उपयोग की आवश्यकता है और इसके लिए सबको आगे आना चाहिए वरना वो दिन दूर नहीं जब सभी को इस कटघरे में खड़ा होना पड़ेगा चूंकि हमारी आपकी सत्ता और महत्ता से पहले ऊपर वाले की सत्ता और महत्ता है जब जागो तभी सवेरा डॉ कंचन सिंह वरिष्ठ पत्रकार।

# धनतेरस, भगवान धनवंतरी को प्रसन्न करने के लिए करें ऐसी पूजा जाने खरीदारी का शुभ मुहूर्त

धनतेरस का त्योहार दीवाली से ठीक दो दिन पहले मनाया जाता है. हिंदू पंचांग के अनुसार, धनतेरस का त्योहार कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है. इस साल धनतेरस का त्योहार 29 अक्तूबर को मनाया जा रहा है. जानिए धनतेरस के दिन किस समय पूजा का शुभ नाम 'धन' और 'तेरस' से बना है, जिसमें धन का मतलब संपत्ति और समृद्धि है और तेरस का अर्थ हिंदू कैलेंडर की 13वीं तिथि है. इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है. साथ ही यह दिन कुबेर और लक्ष्मी माता की पूजा के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है. 1 घंटा 42 मिनट होगा तक रहेगा का धनतेरस पूजा




मुहूर्त रहेगा. इसके साथ ही खरीदारी का शुभ मुहूर्त कब से कब तक रहेगा. आचार्य पंडित सुधांशु तिवारी (प्रश्न कुण्डली विशेषज्ञ/ ज्योतिषाचार्य ) धनतेरस का त्योहार दीवाली से दो दिन पहले मनाया जाता है. यह त्योहार खुशहाली, समृद्धि और सेहतमंद जीवन का प्रतीक माना जाता है. हिंदू पंचांग के अनुसार, धनतेरस का त्योहार कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है. इस साल धनतेरस का पर्व 29 अक्तूबर 2024 को मनाया जाएगा. धनतेरस जिसे 'धन त्रयोदशी' के नाम से भी जाना जाता है. धनतेरस का समय ज्योतिषाचार्य पंडित सुधांशु तिवारी के अनुसार, धनतेरस की त्रियोदशी तिथि 29 अक्तूबर को सुबह 10 बजकर 31 मिनट से शुरू हो जाएगी जो 30 अक्तूबर दोपहर एक बजकर 15 मिनट खत्म होगी. इस दिन प्रदोष काल शाम 5 बजकर 38 मिनट से रात 8 बजकर 13 मिनट तक रहेगा. धनतेरस के लिए 29 अक्तूबर को गोधूली काल शाम 6 बजकर 31 मिनट से रात 8 बजकर 31 मिनट तक रहेगा. यानी धनतेरस के पूजन के लिए एक घंटा 42 मिनट का समय रहेगा. धनतेरस के दिन त्रिपुष्कर योग बन रहा है।

# अलग-थलग दिखतीं ममता बनर्जी, बंगाल का बुद्धिजीवी समाज अब 'दीदी' के खिलाफ

बंगाल के अगले विधानसभा चुनाव नतीजों को लेकर अभी से सटीक अंदाजा लगा पाना संभव नहीं है लेकिन अगर आज के हिसाब से ममता बनर्जी के स्वभाव में दिख रहे बदलाव को परखें तो पाएंगे कि वह अपने सियासी जीवन के कठिन दौर से गुजर रही हैं। यही वजह है कि खुद को देखने-दिखाने की आदी रहीं ममता विधानसभा और उपचुनावों में सक्रिय नहीं दिख रहीं। दो महत्वपूर्ण राज्यों- महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। अभी-अभी हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में नई विधानसभाओं का गठन हुआ है। विपक्षी मोर्चे आइएनडीआइए के लिए ये चुनाव चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण भी हैं। इसलिए इसके नेताओं की सक्रियता इन दिनों बढ़ गई है अतीत में ऐसे मौकों पर विपक्षी गठबंधन की एक प्रमुख नेता ममता बनर्जी न सिर्फ मुखर रहती थीं, बल्कि खूब सक्रियता से भाजपा को शिकस्त देने की रणनीति बनाने में जुटी भी रहती थीं, लेकिन इन दिनों वह चुप हैं। लगातार सक्रिय और संघर्षरत रहने वाली कोई राजनीतिक हस्ती जब चुप्पी साध लेती है तो सवाल उठना स्वाभाविक होता है। दिलचस्प है कि इस चुप्पी पर सवाल भी नहीं उठ रहे हैं। नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए पिछले साल 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक की अगुआई भले ही नीतीश कुमार ने की थी, लेकिन उसकी अहम रणनीतिकार बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी थीं। उन्होंने ही नीतीश कुमार को पटना में बैठक बुलाने का सुझाव दिया था। तब प्रधानमंत्री मोदी को शिकस्त देने की हर रणनीति और बैठक में ममता बनर्जी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थीं, लेकिन संघर्ष और सक्रियता के लिए राजनीतिक हलकों में विख्यात ममता बनर्जी इन दिनों चुप हैं। देश की कौन कहे, अब तो



बंगाल तक में उनकी मुखर आवाज नहीं सुनाई दे रही। बंगाल में छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में भी उनकी कहीं उपस्थिति नजर नहीं आ रही है। कहा जा रहा है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज की प्रशिक्षु डाक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या से उबले बंगाल ने ममता बनर्जी को झकझोर दिया है। इससे उन्हें गहरा सदमा लगा ह बंगाल का समाज अपने बुद्धिजीवियों की बड़ी इज्जत करता है। आरजी कर मेडिकल कालेज कांड के बाद बंगाल का बुद्धिजीवी समाज ममता सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आया। सिंगुर और नंदीग्राम आंदोलन के दौरान तत्कालीन बुद्धदेव भट्टाचार्य सरकार के खिलाफ भी कुछ इसी अंदाज में बंगाल का बौद्धिक तबका सड़कों पर उतर आया था। बंगाल में जब भी वहां का बुद्धिजीवी सड़कों पर उतरता है, तब राज्य में सत्ता परिवर्तन जरूर होता है। प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे-आगे चलने वाली मशाल बताया है। हिंदीभाषी क्षेत्रों में उनका कथन कम ही चरितार्थ होता नजर आया है, लेकिन बंगाल के संदर्भ में प्रेमचंद का यह कथन सटीक बैठता है। कभी ममता बनर्जी के साथ बंगाल का जो बुद्धिजीवी वर्ग उठ खड़ा हुआ था, वही बुद्धिजीवी समाज अब उनके खिलाफ आक्रोश से उबलता दिख रहा है। वह सिर्फ सड़कों पर ही नहीं उतर रहा, बल्कि ममता सरकार के भ्रष्टाचार और नाकामियों को लेकर नाटक भी खेल रहा है। इस प्रकार वह नुक्कड़ सभाओं में ममता सरकार की कारगुजारियों को जनता के सामने गिना रहा है। आज भाजपा को लोकसभा में बहुमत नहीं है तो इसकी बड़ी वजह बंगाल भी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में भाजपा ने 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन 2024 के चुनाव में उसे छह सीटों का नुकसान उठाना पड़ा। जबकि पार्टी वहां से 30 सीटों की उम्मीद कर रही थी। भाजपा की इस नाकामी की एक बड़ी वजह ममता बनर्जी का संघर्षशील चरित्र रहा। उन्होंने अपने संघर्ष और जुझारू रुख से पासा पलट दिया। लोकसभा में कांग्रेस और सपा के बाद ममता की तृणमूल कांग्रेस तीसरे नंबर की पार्टी है। बंगाल की भूमि पर भाजपा के अश्वमेध रथ को रोककर ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन में और अहम तथा ताकतवर होकर उभरी थीं, मगर आरजी कर मेडिकल कालेज की भयावह घटना ने उनकी नाकामियों और प्रशासनिक खामियों के साथ ही उनकी संकीर्ण राजनीति की भी पोल खोलकर रख दी है। बंगाल के लोकमानस में उबाल और उसे मिल रहे बौद्धिकों के नेतृत्व ने तृणमूल कांग्रेस को एक तरह से बैकफुट पर धकेल दिया है। इसमें दोराय नहीं कि महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में सीधे तौर पर ममता बनर्जी का कुछ भी दांव पर नहीं है, लेकिन इसके साथ बंगाल में हो रहे उपचुनाव में उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर सबकी नजरें होंगी। ममता बनर्जी अपने उभार के शुरुआती दिनों यानी 2012 के हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में अलग पार्टी बनाकर चुनाव मैदान में उतर गई थीं। 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी ताल ठोकने का उन्होंने एलान कर दिया था तब की तरह भले ही वह आज झारखंड या महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में नहीं उतरतीं, लेकिन भाजपा को शिकस्त देने के लिए ये विधानसभा चुनाव और उपचुनाव ममता बनर्जी के लिए महत्वपूर्ण मौका हो सकते थे, लेकिन वह अपने स्वभाव के अनुरूप आक्रामक अंदाज में इस मौके की अनदेखी कर रही हैं। संघर्षशील और जुझारू ममता के स्वभाव में बदलाव आना मामूली बात नहीं है। इसे भारतीय राजनीति पता नहीं कितना समझ रही है, लेकिन बंगाल में महसूस होने लगा है। अब उनके समर्थक भी मानने लगे हैं कि ममता के लिए आने वाले दिन आसान नहीं रहने वाले। बेशक बंगाल विधानसभा चुनावों में अभी करीब पौने दो साल का वक्त है। तब तक क्या होगा, कहना मुश्किल है। कई बार कोई छोटी घटना भी राजनीतिक हालात को बदल देती है और उसके चलते संभावित चुनावी नतीजे भी बदल जाते हैं। बंगाल के अगले विधानसभा चुनाव नतीजों को लेकर अभी से सटीक अंदाजा लगा पाना संभव नहीं है, लेकिन अगर आज के हिसाब से ममता बनर्जी के स्वभाव में दिख रहे बदलाव को परखें तो पाएंगे कि वह अपने सियासी जीवन के कठिन दौर से गुजर रही हैं। यही वजह है कि विपक्षी खेमे की धुरी के तौर पर खुद को देखने-दिखाने की आदी रहीं ममता बनर्जी विधानसभा चुनावों और उपचुनावों में सक्रिय नहीं दिख रहीं।


# नए क्षितिज पर भारत-जर्मनी के संबंध, भारतीय युवाशक्ति की क्षमताओं से भी पूरा विश्व परिचित

जर्मन चांसलर ओलाफ शुल्ज के भारत दौरे से द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम मिला है। नई दिल्ली में 25 अक्टूबर को भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श यानी आइजीसी के सातवें दौर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शुल्ज द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की दिशा में कई बिंदुओं पर सहमति बनाने में सफल हुए हैं। शुल्ज के साथ आए प्रतिनिधिमंडल में जर्मन सरकार के दस मंत्री भी शामिल रहे। इस दौरान रक्षा, जलवायु परिवर्तन और शिक्षा जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशकर उन्हें मूर्त रूप देने की योजना पर चर्चा हुई। साथ ही, जर्मनी ने भारत के बढ़ते आर्थिक एवं राजनीतिक कद को भी मान्यता प्रदान की। यूरोपीय संघ में जर्मनी भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच व्यापार 2022 में 24.85 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। करीब 1,700 से अधिक जर्मन कंपनियां भारत में सक्रिय हैं। परस्पर आर्थिक, तकनीकी और सुरक्षा हितों से जुड़ी यह मैत्री दोनों देशों की क्षमताओं का एक दूसरे को लाभ दिलाएगी। चूंकि द्विपक्षीय संबंधों के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन हुआ तो इसकी अहमियत और बढ़ गई। जर्मनी के उद्योगपतियों के 18वें एशिया-प्रशांत सम्मेलन यानी एपीके का भी इसी



दौरान साथ-साथ आयोजन हुआ। भारत को जर्मनी से मिल रहे महत्व का अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में हो रहे कुल जर्मन निवेश का 50 प्रतिशत भारत में हो रहा है। हाल में ही आटोमोटिव एवं अक्षय ऊर्जा जैसे अत्याधुनिक तकनीक वाले क्षेत्रों में जर्मनी से निवेश प्राप्त हुआ है। वास्तव में सतत तकनीकी एवं ऊर्जा साझेदारी के मोर्चे पर हुई पहल बहुत उपयोगी साबित होगी इससे संबंधित इंडिया-जर्मनी इनोवेशन एंड टेक्नोलाजी पार्टनरशिप रोडमैप और इंडो-जर्मन ग्रीन हाइड्रोजन रोडमैप जैसी पहल हुई हैं। इनका लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत के 50 लाख मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लक्ष्य को साकार करना है। ये योजनाएं विकासशील देशों में अक्षय ऊर्जा के स्तर पर जर्मनी के 10 अरब डॉलर के निवेश को मूर्त रूप देने से भी जुड़ी हैं। वर्ष 2022 में आरंभ हुई ऐसी पहल के जरिये स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी परियोजनाओं के लिए भारत में 1.2 अरब डॉलर का निवेश पहले ही आ चुका है। ग्रीन हाइड्रोजन में निरंतर निवेश का उद्देश्य भी भारत को इस क्षेत्र में शीर्ष पर स्थापित करना है। इसके माध्यम से 2030 तक 1.5 लाख नई नौकरियां सृजित होने के आसार हैं। जर्मन तकनीक का लोहा पूरी दुनिया मानती है तो भारतीय युवाशक्ति की क्षमताओं से भी पूरा विश्व परिचित है। इन्हीं संभावनाओं को भुनाने के लिए दोनों देशों ने 50 वर्षीय वैज्ञानिक साझेदारी की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इसके अंतर्गत 2015 से ही 500 से अधिक संयुक्त शोध परियोजनाओं पर काम होने के साथ ही दोनों देशों के छात्रों के बीच विनिमय में भी 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दोनों देशों के कई शिक्षण संस्थान मिलकर काम करेंगे, जिनमें जर्मनी के ड्रेस्डेन के टीयू और आइआइटी मद्रास जैसे संस्थान शामिल हैं। इंडो-जर्मन साइंस एंड टेक्नोलाजी सेंटर भी अपने दायरे का विस्तार करेगा। इंडो-जर्मन डिजिटल डायलाग के विस्तार पर भी सहमति बनी, जिसमें डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर यानी डीपीआइ में भारत की विशेषज्ञता का लाभ उठाया जाएगा। भारत और जर्मनी दोनों देश लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुधारों और सुरक्षा परिषद के विस्तार की वकालत करते आए हैं। संयुक्त राष्ट्र के 60 प्रतिशत से अधिक विवादों-टकरावों का निपटारा न होने का हवाला देते हुए दोनों ने इस अवसर पर इन सुधारों की आवश्यकता को फिर से दोहराया। सामरिक क्षेत्र में भी दोनों देशों ने सहयोग के कई बिंदुओं को चिह्नित किया है और आतंकवाद से निपटने के प्रभावी उपाय का निश्चय किया है। दोनों नेताओं ने आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय बिरादरी से आतंकियों के लिए वित्तीय संसाधनों और उनके लिए सुरक्षित ठिकानों पर कार्रवाई का आह्वान किया। इस दौरान उस दिल्ली घोषणापत्र के क्रियान्वनय का भी समर्थन किया गया, जिसे दोनों देशों ने 2002 में अपनाया था। इसके अंतर्गत आतंकी गतिविधियों से निपटने में नई उभरती हुई तकनीकों के उपयोग का प्रविधान है। जर्मनी की फैसिलिटी फॉर एंटी-प्रोटोन एंड आयोन रिसर्च (फेयर) जैसी पहल में भी भारत की भागीदारी जारी रहेगी। इस परियोजना को समय से पूरा करने के लिए दोनों पक्षों ने 20 करोड़ यूरो की अतिरिक्त राशि पर भी सहमति जताई। डुअल डिग्री और विभिन्न शोध परियोजनाओं को लेकर बनी सहमति से भी दोनों देशों के छात्रों के लाभान्वित होने की उम्मीद बढ़ी है। भारत की सामरिक एवं आर्थिक आकांक्षाओं के अनुरूप जर्मनी के साथ प्रगाढ़ होते रिश्ते और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता और व्यापक सुधारों के लिए जर्मनी की पैरवी असल में आज के बहुपक्षीय होते विश्व का एक बेहतर प्रतिबिंब नजर आती है। एक ऐसे दौर में जब भारत यूरोप के साथ मुक्त व्यापार समझौते सहित विभिन्न मोर्चों पर अपनी सहभागिता-सक्रियता को रफ्तार देने की संभावनाएं तलाश रहा है तो उसे लेकर जर्मनी की प्रतिबद्धता बहुत मायने रखती है। इससे व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिक के स्तर पर तेजी आएगी। दोनों देश महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर जिस प्रकार से आगे बढ़े हैं, उससे न केवल द्विपक्षीय लाभ, बल्कि ग्लोबल गवर्नेंस के स्तर में भी सुधार होगा।

# स्पोर्ट्स







## भारत रातोंरात खराब टीम नहीं बन सकता', भारतीय कप्तान रोहित के बचाव में उतरे टॉम लाथम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार से भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को झटका है। भारतीय टीम भले ही अभी डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद हैं, लेकिन उसे अब अगले छह में से चार टेस्ट मैच जीतने होंगे। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम भारत के खिलाफ मिली जीत के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बचाव में उतरे और उन्होंने कहा कि भारत रातोंरात खराब टीम नहीं बन सकता है। न्यूजीलैंड ने शनिवार को पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन भारत को 113 रनों से हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली थी। इसके साथ ही कीवी टीम ने भारतीय धरती पर अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीती थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार से भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को झटका है। भारतीय टीम भले ही अभी डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद हैं, लेकिन उसे अब अगले छह में से चार टेस्ट मैच जीतने होंगे। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद अगले महीने से



ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। लाथम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन करेगा। लाथम ने कहा, जिस तरह यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा और शुभमन गिल आए और उन्होंने बल्लेबाजी की इससे हम दबाव में आ गए थे। हमें पता था कि 10 विकेट चटकाना आसान नहीं होगा। हालांकि, भारतीय टीम को जल्द ही समेटना सही रहा, लेकिन आपको मानना होगा कि भारत एक बेहतरीन टीम है। कुछ मैचों के बाद वह रातोंरात खराब टीम नहीं सकती। उनकी टीम में एक से 15 तक कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। उम्मीद है कि वे मुंबई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। लाथम ने साथ ही कहा कि पहले दोनों टेस्ट मैच में टॉस का फैसला उनके पक्ष में रहना महत्वपूर्ण रहा। लाथम ने कहा, हमने भारत पर हावी होने की शैली अपनाई। हम उन्हें शुरू में ही झटका देने में सफल रहे। इसके अलावा टॉस का फैसला भी हमारे अनुकूल रहा। इसने वास्तव में हमारे लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम उनके सामने कड़ी चुनौती पेश करना चाहते थे और शुरू में उन्हें झटका देना चाहते थे जिसमें हम सफल रहे। हमने बल्लेबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया जो वास्तव में महत्वपूर्ण रहा। हमारे गेंदबाजों ने बहुत अच्छा खेल दिखाया। उनका इस तरह का प्रदर्शन देखकर बहुत अच्छा लगा।

## 'मुझे माफ कर दो', ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं चुने जाने पर आया शमी का बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीम की घोषणा से पहले रोहित शर्मा ने पुणे टेस्ट के दौरान शमी की वापसी पर बात की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि वह नहीं चाहते कि शमी इस दौरे पर पर अब तेज गेंदबाज का बयान आया है। 34 वर्षीय गेंदबाज फिलहाल सर्जरी से उबर रहे हैं। स्टार पेसर ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक वीडियो साझा किया जिसमें वह जिम में पसीना बहाते दिख रहे हैं।




ऑस्ट्रेलिया आएं। अगले महीने भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी, जिसे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के नाम से भी जाना जाता है। शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया का एलान किया। इसमें मोहम्मद शमी को शामिल नहीं किया गया। बोर्ड के इस फैसले इसके साथ उन्होंने कैप्शन भी लिखा, जिसमें दिग्गज ने फैंस और बीसीसीआई से माफी मांगी। शमी ने लिखा- मैं अपनी गेंदबाजी फिटनेस को दिन-प्रतिदिन बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मैच के लिए तैयार होने और घरेलू रेड बॉल क्रिकेट खेलने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा।

## अफगानिस्तान ने जीता इमर्जिंग एशिया कप का खिताब, फाइनल में श्रीलंका को सात विकेट से हराया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस मुकाबले में अफगानिस्तान ए ने श्रीलंका ए को 11 गेंदों के शेष रहते सात विकेट से आरछिगे की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट पर 133 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान ने सेदिकउल्लाह अटल मिले। श्रीलंका के लिए सहन अराछिगे ने 64ङ रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 47 गेंदों में छह चौके लगाए। इसके अलावा निमेश



हराकर इतिहास रच दिया। टीम ने दमदार प्रदर्शन के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। इमर्जिंग एशिया कप 2024 का फाइनल मुकाबला रविवार को अल अमरात में खेला गया। इस मुकाबले में अफगानिस्तान ए ने श्रीलंका ए को 11 गेंदों के शेष रहते सात विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। टीम ने दमदार प्रदर्शन के साथ खिताब अपने नाम कर लिया।इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ए ने सहन की 55 रनों की दमदार पारी की बदौलत 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 134 रन बनाए और लक्ष्य हासिल कर लिया। डारविश रसूली के नेतृत्व में अफगानिस्तान ए ने पहली बार इमर्जिंग एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। 18 वर्षीय अल्लाह मोहम्मद गजनफर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने फाइनल में 3.5 के इकोनॉमी रेट से दो विकेट चटकाए जबकि बिलाल सामी को 5.5 के इकोनॉमी से तीन विकेट विमुक्ति ने 23 और पवन रथनायके ने 20 रनों की पारी खेली। वहीं, छह बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को भी नहीं छू पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेदीकउल्लाह अटल ने 55ङ रन बनाए। इसके अलावा करीम जनत ने तीन छक्कों की मदद से 33 रन बनाए। वहीं, डारविश ने 24 और मोहम्मद इशाक ने 16ङ रनों की पारी खेली। श्रीलंका के लिए सहन, दुशान और ईशान ने एक-एक विकेट चटकाए।

## यशस्वी जायसवाल ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, घरेलू मैदान पर सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 22 वर्षीय बल्लेबाज ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पहली पारी में उन्होंने 30 रन बनाए जबकि



दूसरे पारी में 77 रन बनाए। उन्होंने 1315 गेंदों में 1000 रन पूरे किए। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मुकाबले में यशस्वी जायसवाल ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विरोधियों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह अब घरेलू मैदान पर टेस्ट में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बन गए। पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 22 वर्षीय बल्लेबाज ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पहली पारी में उन्होंने 30 रन बनाए जबकि दूसरे पारी में 77 रन बनाए। उन्होंने 1315 गेंदों में 1000 रन पूरे किए। इस मामले में जायसवाल ने वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 1436 में यह कारनामा किया था। इस लिस्ट में तीसरे पायदान पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं जिन्होंने 1506 गेंदों में घरेलू मैदान पर 1000 टेस्ट रन पूरे किए थे। यशस्वी की विस्फोटक बल्लेबाजी ने हर किसी का दिल जीत लिया है। यही कारण है कि उन्हें अगले महीने वाले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भी चुना गया है मालूम हो कि, अब तक बहुत कम खिलाड़ी एक कैलेंडर वर्ष में घरेलू टेस्ट मैचों में 1000ह रन बनाने में कामयाब हुए हैं। घरेलू मैदान पर खेले गए टेस्ट मैचों में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क के नाम है।

## इस खिलाड़ी पर दांव लगा सकती है सीएसके, साइमन डुल ने बताया कौन हो सकता है धोनी का उत्तराधिकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस दौरान डुल ने उन खिलाड़ियों के नाम बताए जिन्हें सीएसके मेगा नीलामी से पहले रिटेन




कर सकती है। पूर्व गेंदबाज के मुताबिक, चेन्नई कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और दिग्गज बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी को रिटेन कर सकती है। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। इससे पहले फ्रेंचाइजियों को खिलाड़ियों की रिटेंशन लिस्ट जारी करनी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रिटेंशन की तारीख 31 अक्तूबर तय की है। इससे पहले न्यूजीलैंड के पूर्व गेंदबाज साइमन डुल ने चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के उत्तराधिकारी का नाम बताया है। दिग्गज ने ऋषभ पंत को चेन्नई का दारोमदार संभालने के लायक समझा। इस दौरान डुल ने उन खिलाड़ियों के नाम बताए जिन्हें सीएसके मेगा नीलामी से पहले रिटेन कर सकती है। पूर्व गेंदबाज के मुताबिक, चेन्नई कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और दिग्गज बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी को रिटेन कर सकती है। डुल ने स्पोर्ट्स 18 से बात करते हुए कहा- ऋतुराज गायकवाड़ और फिर रविंद्र जडेजा, मुझे लगता है कि मथीशा पथिराना को भी रिटेन किया जा सकता है। मैंने देखा कि एमएस ने कहा कि मैं आपको रिटेंशन की अनुमति मिलने से एक दिन पहले बता दूंगा। वह इस समय थोड़ा सा संदेह में रख रहे हैं कि वह टीम में शामिल होंगे या नहीं। जाहिर है, अगर वह उपलब्ध हैं और खेलने के लिए तैयार हैं, तो वह एक और खिलाड़ी हैं जिन्हें टीम में बनाए रखना होगा। वह फ्रेंचाइजी के लिए सबसे बढ़िया खिलाड़ी हैं। कीवी गेंदबाज ने आगे अपने हमवतन खिलाड़ी रचिन रवींद्र का नाम लिया। उन्होंने बताया कि अगर ऋषभ पंत नीलामी में आते हैं तो फ्रेंचाइजी उन्हें शामिल करने के लिए मोटा पैसा खर्च करेगी। उनमें धोनी की विरासत को आगे ले जाने की काबिलियत है। डुल ने आगे कहा- इस सीरीज में मैंने जो देखा है, उसके बाद मुझे लगता है कि रचिन रवींद्र सबसे बेहतर हैं। इसके अलावा मुझे लगता है कि अगर सीएसके नीलामी में जाती है तो वह ऋषभ पंत पर भारी दांव लगाएगी। एमएस धोनी के बाद वह सीएसके को आगे ले जाने वाले खिलाड़ी हैं।

## शमी का टीम में ना होना बड़ा झटका' ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने भारतीय टीम पर रखी राय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से अपनी राय रखी और कहा कि भारतीय टीम को कंगारू टीम के खिलाफ शमी की कमी खलेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण पिछले



नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का एलान किया था जिसमें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जगह नहीं मिली थी। अब ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने इस बारे में साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई। माना जा रहा था कि शमी ऑस्ट्रेलिया दौरे से मैदान पर वापसी करेंगे, लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। मैकडोनाल्ड ने हालांकि कहा कि भले ही शमी इस दौरे का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। मैकडोनाल्ड ने कहा, मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खलगी। हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके खिलाड़ियों को बिल्कुल भी कम करके नहीं आंका जा सकता है भारत ने दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज सैम कोन्स्टास को अपनी टीम में चुन सकता है। वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करने के लिए दौड़ में शामिल हैं।

## इस पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने बुमराह को तीसरे टेस्ट से आराम देने कहा, सिराज को मौका देने का सुझाव दिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सिराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी वापस लाना चाहिए। सिराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया किसी को कोई परेशानी न हो। जिन बल्लेबाज या गेंदबाजों ने यह मुकाबला खेला है, उन्हें मौका नहीं देने का मुझे 0 की अजेय बढ़त ले ली थी जो उसकी भारतीय जमीन पर पहली टेस्ट सीरीज जीत है। कार्तिक भारत की




स्टेडियम में खेला गया पहला टेस्ट मैच खेला था, लेकिन पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट में उन्हें बाहर किया गया और उनकी जगह आकाश दीप को प्लेइंग-11 में मौका मिला था। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने की मांग की है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। कार्तिक का कहना है कि भारत को इस मुकाबले के लिए बुमराह की जगह मोहम्मद सिराज को प्लेइंग-11 में पहला टेस्ट मैच खेला था, लेकिन पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट में उन्हें बाहर किया गया और उनकी जगह आकाश दीप को प्लेइंग-11 में मौका मिला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में बुमराह का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है और उन्होंने सिर्फ तीन विकेट झटके हैं। इस दौरान बुमराह ने 3.09 की इकॉनोमी से गेंदबाजी की है। कार्तिक ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि जसप्रीत बुमराह को निश्चित तौर पर आराम की जरूरत है। ऐसा हो सकता है और आप मोहम्मद सिराज को आते देखेंगे। मैं किसी अन्य बदलाव के बारे में नहीं सोच सकता जब तक कि कोई कारण नहीं दिखता। न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार के साथ ही भारत का घरेलू जमीन पर टेस्ट में लगातार 18 सीरीज जीत का विजय अभियान थम गया। भारत ने फरवरी 2013 से अक्तूबर 2024 तक कुल 18 टेस्ट सीरीज घरेलू मैदान पर जीती, लेकिन न्यूजीलैंड ने उसका यह अभियान समाप्त कर दिया। टेस्ट में घरेलू मैदान पर लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड भारत के ही नाम है। न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच में भारत के सामने जीत के लिए 359 रनों का लक्ष्य रखा था, लेकिन भारतीय टीम 245 रनों पर ऑलआउट हो गई। कीवी टीम ने भारत पर 2-0 की अजेय बढ़त ले ली थी जो उसकी भारतीय जमीन पर पहली टेस्ट सीरीज जीत है। कार्तिक भारत की इस हार से काफी दुखी हैं। उन्होंने कहा, हार की निराशा अभी भी मेरे दिमाग पर भारी है। मैं ठीक से नहीं सोच पा रहा हूं कि तीसरे टेस्ट मैच के लिए अंतिम एकादश क्या होगी। ईमानदारी से कहें तो यह बहुत छोटा नोटिस है, लेकिन अगर मुझे सीधे सोचना पड़े तो मैं कहूंगा कि बुमराह को आराम दें और सिराज को वापस लाएं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी। दोनों टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाना है।

## अरमान भाटिया और हर्ष मेहता ने पुरुष युगल खिताब जीता, रोमैन-मिचेल को 2-0 से दी मात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत के अरमान भाटिया तीन वर्ग के फाइनल में पहुंचे थे और वो तीनों में खिताबी जीत हासिल करने में सफल रहे। अरमान भाटिया इडिया मास्टर्स 2024 के असली स्टार बनकर उभरे। आरके खन्ना टेनिस स्टेडियम में आयोजित पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स के प्रो(ओपन) पुरुष युगल के फाइनल मुकाबले में भारत की अरमान भाटिया और हर्ष मेहता की जोड़ी ने अमेरिका के रोमैन स्ट्रेजा और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल हरग्रेव्स की जोड़ी को 11-3, 11-2 के अंतर से सीधे गेम में 2-0 के अंतर से मात देकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारत के अरमान भाटिया तीन वर्ग के फाइनल में पहुंचे थे और वो तीनों में खिताबी जीत हासिल करने में सफल रहे। अरमान भाटिया इडिया मास्टर्स 2024 के असली स्टार बनकर उभरे। उन्होंने पुरुष एकल और मिक्स्ड डबल्स खिताब भी अपने नाम किए।भारत के अरमान भाटिया और हर्ष मेहता की जोड़ी ने पुरुषों के युगल मुकाबले में अमेरिका के रोमैन स्ट्रेजा और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल हरग्रेव्स की जोड़ी के खिलाफ पहले गेम में शानदार शुरुआत की। दोनों ने पहले गेम में जल्दी ही 5-2 की बढ़त बना ली।

## इंग्लैंड के बाद जिम्बाब्वे दौरे से भी बाहर हुए बाबर शाहीन और नसीम, ऑस्ट्रेलिया दौरे से होगी वापसी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस मुकाबले के लिए पीसीबी ने टीम का एलान कर दिया है जिसमें बाबर,




शाहीन और नसीम को शामिल किया गया है। हैरानी की बात यह है कि तीनों खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे दौरे से आराम दिया गया है। पाकिस्तान के तीन स्टार खिलाड़ियों की एक बार फिर टीम में वापसी हो गई है। रविवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम का एलान किया, जिसमें बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को भी शामिल किया गया है। बता दें कि, तीनों खिलाड़ियों को हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के अंतिम दो मुकाबलों से बाहर कर दिया गया था। अब दिग्गजों की टीम में वापसी हुई है।पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस मुकाबले के लिए पीसीबी ने टीम का एलान कर दिया है जिसमें बाबर, शाहीन और नसीम को शामिल किया गया है। हैरानी की बात यह है कि तीनों खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे दौरे से आराम दिया गया है। वहीं, मोहम्मद रिजवान को ऑस्ट्रेलिया दौरे (टी20 और वनडे) के लिए टीम में शामिल किया गया है। जिम्बाब्वे में वह टीम का हिस्सा होंगे, लेकिन टी20 सीरीज नहीं खेलेंगे। उन्हें सिर्फ वनडे टीम में जगह मिली है।ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पीसीबी ने वनडे टीम में अनकैप्ड खिलाड़ियों को भी मौका दिया है। इनमें आमिर जमाल, अराफत मिन्हास, फैसल अकरम, हसीबुल्लाह, मुहम्मद इरफान खान और सईम अयूब शामिल हैं। वहीं, जहांदाद खान और सलमान अली आगा को टी20 टीम में पहली बार जगह मिली हैवनडेः आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी।टी20ः अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमैर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम, उस्मान खान। वनडेः आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अहमद डेनियल, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहनवाज दहानी और तैय्यब ताहिर।

# प्रयागराज की दीपावली आधुनिक समाचार के साथ


विनोद शर्मा


सिमरन


श्वेता साहू




बलवन्त यादव


आशीष शर्मा


नेहा कश्यप


आरती कोल


नेहा शर्मा


दुर्गा प्रताप सिंह


प्रीति पांडे


सुनीता सिंह


अमृत जायसवाल

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक:-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
website:www.adhuniksamachar.com

नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।